भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3786
सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राजदरी-देवदरी जलप्रपातों का विकास और सौंदर्यीकरण

3786. श्री छोटेलालः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राजदरी-देवदरी जलप्रपातों को विकसित और सुंदर बनाने का है ताकि वहां बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके क्योंकि वहां वे केवल गिरते हुए पानी को ही देख पाते हैं और उन्हें जोड़े रखने के लिए अतिरिक्त आकर्षण सीमित हैं; और

(ख) यदि हां, तो उक्त स्थल का विकास और सौंदर्यीकरण का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं, जैसे- 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास- सीबीडीडी' (स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत एक पहल) और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से, योजना के दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर तथा धन की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के आधार पर, देश में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

राजदरी-देवदरी जलप्रपातों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए वर्तमान में इस मंत्रालय के समक्ष कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

उत्तर प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया है।

****

अनुबंध

श्री छोटेलाल द्वारा राजदरी-देवदरी जलप्रपातों का विकास और सौंदर्यीकरण के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3786 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-

योजना	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)
एसडी	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	2016-17	87.89
	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	2016-17	69.45
	अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	2016-17	71.69
	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	2016-17	67.51
	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संत कबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	2016-17	36.65
	अयोध्या का विकास	2017-18	127.21
	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	2018-19	12.03
	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	2018-19	18.30
एसडी 2.0	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	2023-24	17.80
	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	2023-24	14.52
सीबीडीडी	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	2024-25	24.98
प्रशाद	वाराणसी का विकास - चरण-।	2015-16	18.73

	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	2014-15	10.98
	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	2017-18	9.02
	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	2014-15	9.36
	वाराणसी का विकास - चरण ।।	2017-18	44.60
	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59

****